DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO. / जब तक कहा न जाए सील न खोलें ।

Candidate's Roll Number

अभ्यर्थी का रोल नम्बर

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |

# TEST CODE : 4/2017

## Category No. : 2

**Q. Booklet No. YYYYYY**

Time allowed : 1 Hour 30 Minutes
अवधि : 1 घंटा और 30 मिनट

Total Questions : 100
कुल प्रश्न : 100


Maximum Marks : 200
अधिकतम अंक : 200

**INSTRUCTION : Please check that OMR Answer Sheet No. and Question Booklet No. match with each other. If they do not match immediately replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet. Candidate should fill the correct Question Booklet No. in OMR Answer Sheet.**

**अनुदेश : कृपया जाँच लें कि OMR उत्तर पत्रक सं. और प्रश्न-पुस्तिका सं. एक-समान होने चाहिए । यदि इनमें भिन्नता है तो तुरंत प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लें । अभ्यर्थी OMR उत्तर पत्रक में सही प्रश्न पुस्तिका सं. भरें ।**

### IMPORTANT INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES (KINDLY READ THE INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER)

1. Attempt all the questions. Every question has equal marks viz. **2**.
2. Before answering, kindly check that this booklet has total **(1-16)** pages & OMR Answer sheet consists of three copies. Within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of your test booklet & OMR/Answer Sheet are properly printed and test booklet is not damaged in any manner. In case of any discrepancy the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet & OMR/Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Do not forget to write your roll number on the top of this question booklet & OMR/Answer Sheet.
4. Do not tear or fold any page of the question booklet and OMR/Answer Sheet.
5. Candidate must bring legibly printed Admit Card with recent coloured photo pasted on it at mark B duly attested by Gazetted Officer and one identity proof with photo like Driving License, Voter Card, Aadhar Card, Passport etc. at the Examination Centre failing which candidate will not be allowed to enter in the Examination Centre.
6. Candidates should fill the correct name, Roll No. & Q. booklet No. on the OMR Answer Sheet. If the space for the Q. Booklet No. is left blank or more than one Q. Booklet No. is indicated therein and non-filling of name and roll no. as per instruction, it will be deemed to be an incorrect Q. Booklet No. & Answer Sheet will not be evaluated. The candidate himself/herself will be solely responsible for all the consequences arising out of any error or omission in writing the Q. Booklet No. Candidate shall put his/her LTI (Male) and RTI (Female) on attendance sheet, on the OMR/Answer Sheet and on the Biometric Machine along with signature.
7. Candidate should put his/her signature and thumb impression on the Admit Card at two places in the presence of Invigilator in the Examination Hall.
8. **Candidates are warned not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener etc., to smudge, scratch or damage in any manner on the OMR Sheet during Examination is strictly prohibited. If doing so, their Answer Sheet shall be cancelled and shall not be evaluated.**
9. Candidates are warned not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt, wear ornaments like ring, chain, earring etc., electronic or communication device, Pen, Pencil, Eraser, Sharpner and correcting Fluid in the examination centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter in the examination centre. Candidate found possessing mobile phone and any other aiding material as mentioned above in the examination room will be treated a serious violation and it will amount to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examination.
10. The written examination will be supervised by doing frisking before allowing entry into Examination Centre, using CCTV Cameras, Biometric Attendance process by capturing the Biometric thumb impression and Photograph of the candidates during Examination, Videography and Jammers etc. shall be used in the Examination Hall/Examination Centre to stop copying and impersonation etc.
11. Candidate's request to change the examination centre and seat in the Examination Hall shall not be entertained.
12. The scanned photograph of the candidate on his/her Admit Card or attendance sheet will be tallied with the candidate appearing in the examination by the invigilator. In the event of any discrepancy in the identification and verification of the candidate and photographs, the candidate shall not be allowed to sit in the examination and be liable for criminal prosecution.
13. The OMR answer sheet consists of three copies, the original copy, the commission copy and the candidate's copy. Do not separate or displace them. Do not darken the bubbles in three copies of OMR sheets separately. Candidate must handover the OMR Sheet without separating the three copies to the invigilator at the end of examination. Invigilator will hand over the candidate's copy after separating it. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.
14. Each question has four alternative answers of which only one is correct. For each question, darken only one circle, as the correct answer on the OMR answer sheet **with only Blue/Black Ball Pen provided by the Commission.** Pencil should not be used for darkening the circle.
15. No candidate shall be allowed to go to the toilet/washroom during first and last thirty minutes of the examination.
16. No candidate will be allowed to leave the OMR sheet blank. If any OMR sheet is found blank, it shall be crossed by the invigilator with his/her signature and mentioning "Cancelled" on it.
17. Your answer sheet will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render your answer sheet invalid.
18. Carefully fill in all the necessary particulars on the answer sheet. Change of answer sheet is not permitted.
19. While darkening the appropriate bubble(s) in the boxes darken the chosen bubble(s) fully as given below. If you darken more than one circle, your answer will be treated as wrong and such answer shall not be evaluated.




20. If a candidate does not comply with the instructions as mentioned above or creates any kind of indiscipline, the Commission shall take action as per instructions and in addition can also debar the candidate from appearing in the Examination, to be held in future and can also file criminal proceedings.

81

(हिन्दी में निर्देश अंतिम पृष्ठ पर देखें ।)

17/9
Morn



Download from www.MsEducationTv.com

1. Which is the Indian state with longest surfaced road, as per 2011 survey?

(A) Andhra Pradesh (B) Maharashtra

(C) Tamil Nadu (D) Uttar Pradesh

Question Id : 1

2. The signs marked in this rectangle (in blue colour) are..



(A) Mandatory (B) Cautionary

(C) Informatory (D) All of these

Question Id : 2

3. Who is responsible for ensuring that the vehicle is not overloaded?

(A) The passengers.

(B) The mechanic of the vehicle.

(C) The driver of the vehicle

(D) All of these

Question Id : 3

4. Zebra lines are meant for

(A) stopping vehicle.

(B) pedestrians crossing

(C) for giving preference to vehicle

(D) None of these

Question Id : 4

5. The number of passengers permitted to be taken in private vehicle is recorded in the

(A) Registration Certificate

(B) Tax Token

(C) Permit (D) None of these

Question Id : 5

6. Where is the headquarter of the Indira Gandhi National Forest Academy (IGNFA) ?

(A) Bengaluru (B) Jaipur

(C) Dehradun (D) Udaipur

Question Id : 6

1. सर्वेक्षण 2011 के अनुसार सबसे लम्बी सतही सड़क वाला भारतीय राज्य कौन सा है?

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) तमिलनाडु (D) उत्तर प्रदेश

Question Id : 1

2. इस आयत (नीले रंग) में अंकित चिह्न हैं



(A) अनिवार्य (B) सचेतक

(C) सूचनात्मक (D) ये सभी

Question Id : 2

3. वाहन अतिभारित (ओवरलोडेड) नहीं है यह सुनिश्चित करने के लिए कौन उत्तरदायी है?

(A) यात्री (B) वाहन का मेकैनिक

(C) वाहन का चालक (D) ये सभी

Question Id : 3

4. जेबरा लाइन्स उपयोगी हैं

(A) वाहन रोकने के लिए

(B) पैदल सड़क पार करने के लिए

(C) वाहन को वरीयता देने के लिए

(D) इनमें से कोई नहीं

Question Id : 4

5. निजी वाहन में ले जाए जाने वाले अनुमत यात्रियों की संख्या इसमें अभिलिखित होती है

(A) रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट

(B) टैक्स टोकन

(C) परमिट (D) इनमें से कोई नहीं

Question Id : 5

6. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी का मुख्यालय कहाँ है?

(A) बेंगलुरु (B) जयपुर

(C) देहरादून (D) उदयपुर

Question Id : 6



Download from www.MsEducationTv.com

7. Which Indian sports person has been appointed as the WHO Goodwill Ambassador for physical activity in the South East Asia Region (SEAR) ?
(A) Mary Com (B) Milkha Singh
(C) Pullela Gopichand (D) Vijender Singh

Question Id : 7

7. कौन सा भारतीय खिलाड़ी, दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र (SEAR) में शारीरिक गतिविधि के लिए WHO के गुडवील राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है?
(A) मेरी कॉम (B) मिल्खा सिंह
(C) पुलेला गोपीचंद (D) विजेन्दर सिंह

Question Id : 7

8. Who has sworn in as our Vice- President recently ?
(A) Mr. Venkaiah Naidu (B) Prof. Hamid Ansari
(C) Mamta Banerjee (D) Amit Shah

Question Id : 8

8. हाल ही में हमारे उप-राष्ट्रपति के रूप में किसने शपथ ली?
(A) श्री वेंकैया नायडू (B) प्रो. हामिद अंसारी
(C) ममता बैनर्जी (D) अमित शाह

Question Id : 8

9. Which state government has launched "Namo Yuva Rojgar Kendra" for unemployed youth ?
(A) Tamilnadu (B) Maharashtra
(C) Gujarat (D) Rajasthan

Question Id : 9

9. किस राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए "नमो युवा रोजगार केन्द्र" शुरू किया है?
(A) तमिलनाडु (B) महाराष्ट्र
(C) गुजरात (D) राजस्थान

Question Id : 9

10. What is the name of World's oldest man who died recently ?
(A) Francisco Nunez Olivera
(B) Yisrael Kristal
(C) Toichi Sasaki (D) Masazou Noinaka

Question Id : 10

10. हाल ही में दिवंगत विश्व के सबसे वृद्ध व्यक्ति का नाम क्या है?
(A) फ्रांसिस्को न्यूनेज ओलिवेरा
(B) इसराइल क्रिस्टल
(C) टॉइची शासकी (D) मासाजो नोइनाका

Question Id : 10

11. Which Indian city will become the first city to provide a helicopter taxi service ?
(A) Mumbai (B) Bengaluru
(C) Chennai (D) Goa

Question Id : 11

11. कौन सा भारतीय शहर हेलिकॉप्टर टैक्सी सेवा प्रदान करने वाला पहला शहर होगा ?
(A) मुंबई (B) बेंगलुरु
(C) चेन्नई (D) गोआ

Question Id : 11

12. Name the most learned scholar of Taxila who wrote the grammar of the Sanskrit language.
(A) Ambhi (B) Valmiki
(C) Varahmihir (D) Panini

Question Id : 12

12. तक्षशिला के उस सर्वाधिक विद्वान व्यक्ति का नाम बताइए जिसने संस्कृत भाषा का व्याकरण लिखा।
(A) अम्भी (B) वाल्मीकि
(C) वराहमिहिर (D) पाणिनि

Question Id : 12

13. Which is the home of the Asiatic lion?
(A) Corbett National Park
(B) Kanha National Park
(C) Dudhwa National Park
(D) Gir National Park

Question Id : 13

13. एशियाई सिंहों का घर कौन सा है?
(A) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(B) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
(C) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान
(D) गिर राष्ट्रीय उद्यान

Question Id : 13



Download from www.MsEducationTv.com

14. Where does the river Yamuna join the Ganga ?
(A) Haridwar
(B) Allahabad
(C) Agra
(D) Meerut

Question Id : 14

15. On which day does the Indian financial year begin ?
(A) January 1
(B) April 1
(C) The next day after Diwali
(D) July 1

Question Id : 15

16. How many lions are visible on our National Emblem?
(A) Two
(B) Three
(C) Four
(D) One

Question Id : 16

17. Which is the highest Himalayan peak in the Indian territory?
(A) Mount Everest
(B) Kanchenjunga
(C) Nanga Parbat
(D) Nanda Devi

Question Id : 17

18. Which of the following is the large blood vessel that carries blood away from Heart ?
(A) Vein
(B) Capillary
(C) Artery
(D) Nerve

Question Id : 18

19. Who became the first black President of South Africa in 1994?
(A) Desmond Tutu
(B) Milton Obote
(C) Robert Mugabe
(D) Nelson Mandela

Question Id : 19

20. What is the most important crop of the temperate grasslands?
(A) Dates
(B) Citrus fruit
(C) Cereals
(D) Sugar cane

Question Id : 20

21. What is the duration of a day at the equator approximately?
(A) 24 hr
(B) 12 hr
(C) 14 hr
(D) 16 hr

Question Id : 21

14. यमुना नदी गंगा नदी से कहाँ मिलती है?
(A) हरिद्वार
(B) इलाहाबाद
(C) आगरा
(D) मेरठ

Question Id : 14

15. भारतीय वित्तीय वर्ष किस दिन प्रारंभ होता है?
(A) 1 जनवरी
(B) 1 अप्रैल
(C) दीवाली बाद अगला दिन
(D) 1 जुलाई

Question Id : 15

16. हमारे राष्ट्रीय प्रतीक पर दृश्य सिंह कितने हैं?
(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) एक

Question Id : 16

17. भारतीय क्षेत्र में हिमालय की सबसे ऊँची चोटी कौन सी है?
(A) माउंट एवरेस्ट
(B) कंचनजंघा
(C) नंगा पर्बत
(D) नंदा देवी

Question Id : 17

18. निम्नलिखित में से कौन सी बड़ी रक्त वाहिनी रुधिर को हृदय से दूर ले जाती है?
(A) शिरा
(B) केशिका
(C) धमनी
(D) तंत्रिका

Question Id : 18

19. सन् 1994 में दक्षिण अफ्रीका का प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति कौन बना ?
(A) डेस्मंड टूटू
(B) मिल्टन ओबोटे
(C) रॉबर्ट मुगाबे
(D) नेल्सन मंडेला

Question Id : 19

20. शीतोष्ण घासस्थल की सबसे महत्त्वपूर्ण फसल क्या है?
(A) खजूर
(B) नींबू फल
(C) अनाज
(D) गन्ना

Question Id : 20

21. भूमध्य-रेखा पर एक दिन की अवधि लगभग क्या है?
(A) 24 घंटे
(B) 12 घंटे
(C) 14 घंटे
(D) 16 घंटे

Question Id : 21



Download from www.MsEducationTv.com

22. Which of the following planets has no satellites?
(A) Jupiter
(B) Neptune
(C) Uranus
(D) Venus

Question Id : 22

22. निम्नलिखित में से किस ग्रह का कोई उपग्रह नहीं है?
(A) बृहस्पति
(B) वरुण
(C) यूरेनस
(D) शुक्र

Question Id : 22

23. Where on the Earth is the greatest mass of ice found?
(A) Siberia
(B) Greenland
(C) Antarctica
(D) Iceland

Question Id : 23

23. पृथ्वी पर बर्फ का सर्वाधिक द्रव्यमान कहाँ पाया जाता है?
(A) साइबेरिया
(B) ग्रीनलैंड
(C) अंटार्कटिका
(D) आइसलैंड

Question Id : 23

24. Which UN agency has its headquarters in Paris?
(A) UNICEF
(B) ILO
(C) UNESCO
(D) FAO

Question Id : 24

24. किस संयुक्त राष्ट्र संस्था का मुख्यालय पेरिस में है?
(A) यूनिसेफ
(B) आई.एल.ओ.
(C) यूनेस्को
(D) एफ.ए.ओ.

Question Id : 24

25. What fraction of air is oxygen?
(A) 1/5
(B) 2/5
(C) 3/4
(D) 4/5

Question Id : 25

25. वायु का कितना भाग ऑक्सीजन है?
(A) 1/5
(B) 2/5
(C) 3/4
(D) 4/5

Question Id : 25

26. Which element is common to all acids?
(A) Hydrogen
(B) Oxygen
(C) Sulphur
(D) Chlorine

Question Id : 26

26. कौन सा तत्व सभी अम्लों के लिए समान है?
(A) हाइड्रोजन
(B) ऑक्सीजन
(C) सल्फर
(D) क्लोरीन

Question Id : 26

27. With which of the following games is the Davis Cup associated?
(A) Volleyball
(B) Badminton
(C) Cricket
(D) Tennis

Question Id : 27

27. निम्नलिखित में से किस खेल से डेविस कप संबंधित है?
(A) वॉलीबॉल
(B) बैडमिंटन
(C) क्रिकेट
(D) टेनिस

Question Id : 27

28. Name the Indian-born British author who wrote 'The Jungle Book' and 'Kim'.
(A) Pearl Buck
(B) Aldous Huxley
(C) Rudyard Kipling
(D) H.G. Wells

Question Id : 28

28. भारत में जन्मे उस ब्रिटिश लेखक का नाम बताइए जिसने 'द जंगल बुक' और 'किम' लिखीं।
(A) पर्ल बक
(B) एल्डस हक्सले
(C) रुडयार्ड किपलिंग
(D) एच.जी. वेल्स

Question Id : 28

29. Who played the role of cricketer M.S Dhoni in the film named "M.S.Dhoni, The Untold Story"?
(A) Ranvir Singh
(B) Sushant Singh Rajput
(C) Aayushman Khurana
(D) Amir khan

Question Id : 29

29. "एम.एस. धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी" नामक फिल्म में क्रिकेटर एम.एस. धोनी की भूमिका किसने निभाई?
(A) रणवीर सिंह
(B) सुशांत सिंह राजपूत
(C) आयुष्मान खुराना
(D) आमिर खान

Question Id : 29



Download from www.MsEducationTv.com

30. The 2017 "World Mosquito Day" is observed on which date?

(A) August 20th (B) August 22nd

(C) August 18th (D) August 11th

Question Id : 30

31. Choose the odd one from the following :

(A) Lion (B) Whale

(C) Octopus (D) Crocodile

Question Id : 31

32. Rain : Water :: Volcano : ?

(A) Destruction (B) Japan

(C) Lava (D) Heat

Question Id : 32

33. Complete the series :

ABZ, BCY, CDX, DEW, ?

(A) FEW (B) EFV

(C) EFG (D) FEV

Question Id : 33

34. In a queue, A is standing at 7th position if we count from left and at 10th position if we count from right. How many students are there in queue ?

(A) 15 (B) 17

(C) 16 (D) 14

Question Id : 34

35. A's weight is twice than B's weight.
B's weight is 4.5 times the weight of C.
C's weight is half the weight of D.
D's weight is half the weight of E.
Who has the highest weight among all the 5 ?

(A) A (B) B

(C) C (D) D

Question Id : 35

36. ANOTHER = 7309521, THORN = ?

(A) 95103 (B) 95313

(C) 95013 (D) 95113

Question Id : 36

30. '2017 विश्व मॉस्किटो डे' किस दिन मनाया गया?

(A) 20 अगस्त (B) 22 अगस्त

(C) 18 अगस्त (D) 11 अगस्त

Question Id : 30

31. निम्नलिखित में से विषम का चयन कीजिए :

(A) सिंह (B) व्हेल

(C) ओक्टोपस (D) मगर

Question Id : 31

32. बारिश : पानी : ज्वालामुखी : ?

(A) विनाश (B) जापान

(C) लावा (D) गर्मी

Question Id : 32

33. श्रेणी पूर्ण कीजिए :

ABZ. BCY. CDX. DEW. ?

(A) FEW (B) EFV

(C) EFG (D) FEV

Question Id : 33

34. एक कतार में यदि हम बायीं ओर से गिनें तो A सातवें स्थान पर है और दायीं ओर से गिनें तो 10वें स्थान पर है, तो कतार में कितने विद्यार्थी हैं ?

(A) 15 (B) 17

(C) 16 (D) 14

Question Id : 34

35. A का वजन B से दुगना है ।
B का वजन C से 4.5 गुना है ।
C का वजन D से आधा है ।
D का वजन E से आधा है ।
सभी पाँच लोगों में किसका वजन सबसे ज्यादा है?

(A) A (B) B

(C) C (D) D

Question Id : 35

36. ANOTHER = 7309521, THORN = ?

(A) 95103 (B) 95313

(C) 95013 (D) 95113

Question Id : 36



Download from www.MsEducationTv.com

37. If we arrange all the words (given in the option) alphabetically, which word would be last in the arrangement ?

(A) Elegant (B) Enduin

(C) Enforce (D) Eligibility

Question Id : 37

38. ASTN : ZTSO :: MSUB : ?

(A) LRRC (B) LTTA

(C) NTVC (D) LTTC

Question Id : 38

39. Choose the odd one out :

(A) July (B) May

(C) March (D) April

Question Id : 39

40. Choose the option, which represents / covers other 3 options commonly.

(A) Gujarat (B) States

(C) Rajasthan (D) Punjab

Question Id : 40

41. To fill a tank, 25 buckets of water is required. How many buckets of water will be required to fill the same tank if the capacity of the bucket is reduced to two-fifth of its present?

(A) 10 (B) 35

(C) 62.5 (D) None of these

Question Id : 41

42. In a regular week, there are 5 working days and for each day, the working hours are 8. A man gets ₹ 2.40 per hour for regular work and ₹ 3.20 per hour for overtime. If he earns ₹ 432 in 4 weeks, then how many hours does he work for?

(A) 160 (B) 175

(C) 180 (D) 195

Question Id : 42

37. यदि हम विकल्प में दिए गए सभी शब्दों को वर्णक्रमानुसार रखते हैं, तो इस क्रम में अंतिम शब्द कौन सा आयेगा ?

(A) Elegant (B) Enduin

(C) Enforce (D) Eligibility

Question Id : 37

38. ASTN : ZTSO :: MSUB : ?

(A) LRRC (B) LTTA

(C) NTVC (D) LTTC

Question Id : 38

39. विषम का चयन कीजिए ।

(A) जुलाई (B) मई

(C) मार्च (D) अप्रैल

Question Id : 39

40. जो विकल्प दूसरे 3 विकल्पों को आमतौर पर शामिल करता है उसका चयन करो ।

(A) गुजरात (B) राज्य

(C) राजस्थान (D) पंजाब

Question Id : 40

41. एक टंकी को भरने के लिए 25 बाल्टी पानी की आवश्यकता है । यदि बाल्टी की क्षमता वर्तमान से 2/5 कम कर दी जाए तो वही टंकी भरने के लिए कितने बाल्टी पानी की आवश्यकता होगी ?

(A) 10 (B) 35

(C) 62.5

(D) इनमें से एक भी नहीं ।

Question Id : 41

42. एक नियमित सप्ताह में 5 काम के दिन होते हैं और प्रतिदिन 8 काम के घंटे होते हैं । एक आदमी अपने नियमित काम का प्रति घंटे ₹ 2.40 प्राप्त करता है और ₹ 3.20 प्रति घंटा ओवरटाइम का प्राप्त करता है । यदि वह 4 सप्ताह में ₹ 432 प्राप्त करता है, तो वह कितने घंटे काम करता है?

(A) 160 (B) 175

(C) 180 (D) 195

Question Id : 42



Download from www.MsEducationTv.com

43. A man rows to a place 48 km distant and come back in 14 hours. He finds that he can row 4 km with the stream in the same time as 3 km against the stream. The rate of the stream is:

(A) 1 km/hr (B) 1.5 km/hr
(C) 2 km/hr (D) 2.5 km/hr

Question Id : 43

44. 3889 + 12.952 - ? = 3854.002

(A) 47.095 (B) 47.752
(C) 47.932 (D) 47.95

Question Id : 44

45. Which of the following fractions is greater than $\frac{3}{4}$ and less than $\frac{5}{6}$?

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{2}{3}$
(C) $\frac{4}{5}$ (D) $\frac{9}{10}$

Question Id : 45

46. The least number which should be added to 2497 so that the sum is exactly divisible by 5, 6, 4 and 3 is:

(A) 3 (B) 13
(C) 23 (D) 33

Question Id : 46

47. The greatest number which on dividing 1657 and 2037 leaves remainders 6 and 5 respectively is:

(A) 123 (B) 127
(C) 235 (D) 305

Question Id : 47

48. The sum of the present ages of a father and his son is 60 years. Six years ago, father's age was five times the age of the son. After 6 years, son's age will be:

(A) 12 years (B) 14 years
(C) 18 years (D) 20 years

Question Id : 48

43. एक आदमी 48 किमी की दूरी तक नौकाविहार करता है और 14 घंटे में वापस आता है । उसे ज्ञात होता है कि वह धारा के साथ 4 किमी गति से और उतने ही समय में धारा के विरुद्ध 3 किमी की गति से नौकाविहार कर सकता है । धारा की गति की दर क्या होगी ?

(A) 1 किमी/घंटा (B) 1.5 किमी/घंटा
(C) 2 किमी/घंटा (D) 2.5 किमी/घंटा

Question Id : 43

44. 3889 + 12.952 - ? = 3854.002

(A) 47.095 (B) 47.752
(C) 47.932 (D) 47.95

Question Id : 44

45. निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न $\frac{3}{4}$ से बड़ा और $\frac{5}{6}$ से छोटा है ?

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{2}{3}$
(C) $\frac{4}{5}$ (D) $\frac{9}{10}$

Question Id : 45

46. कौन सी न्यूनतम संख्या 2497 में जोड़ने से उनका योग 5, 6, 4 और 3 से पूर्णतया विभाज्य हो सके ?

(A) 3 (B) 13
(C) 23 (D) 33

Question Id : 46

47. कौन सी महत्तम संख्या 1657 और 2037 को विभाजित करने पर क्रमशः 6 और 5 शेष देती है ?

(A) 123 (B) 127
(C) 235 (D) 305

Question Id : 47

48. एक पिता और उसके बेटे की वर्तमान उम्र का योग 60 वर्ष है । छह साल पहले पिता की उम्र बेटे की उम्र से पाँच गुनी थी । छह साल बाद बेटे की उम्र क्या होगी ?

(A) 12 साल (B) 14 साल
(C) 18 साल (D) 20 साल

Question Id : 48



Download from www.MsEducationTv.com

49. In a mixture of 60 litres, the ratio of milk and water is 2 : 1. If this ratio is to be 1 : 2, then the quantity of water to be further added is:

(A) 20 litres (B) 30 litres

(C) 40 litres (D) 60 litres

Question Id : 49

49. एक 60 लिटर मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 2 : 1 है । यदि यह अनुपात 1 : 2 करना है, तो कितना पानी मिलाना पड़ेगा ?

(A) 20 लिटर (B) 30 लिटर

(C) 40 लिटर (D) 60 लिटर

Question Id : 49

50. The product of two numbers is 9375 and the quotient, when the larger one is divided by the smaller, is 15. The sum of the numbers is:

(A) 380 (B) 395

(C) 400 (D) 425

Question Id : 50

50. दो संख्याओं का गुणनफल 9375 और भागफल, जब बड़ी संख्या छोटी से विभाजित की जाती है, 15 है । संख्याओं का योग क्या होगा ?

(A) 380 (B) 395

(C) 400 (D) 425

Question Id : 50

51. The planet which is easily visible from the Earth is

(A) Mercury (B) Venus

(C) Mars (D) Jupiter

Question Id : 51

51. पृथ्वी पर से आसानी से दृश्यमान ग्रह कौन सा है?

(A) बुध (B) शुक्र

(C) मंगल (D) बृहस्पति

Question Id : 51

52. The Sun is a

(A) Planet (B) Asteroid

(C) Star (D) Meteor

Question Id : 52

52. सूर्य है एक

(A) ग्रह (B) क्षुद्रग्रह

(C) तारा (D) उल्का

Question Id : 52

53. Which are the primary colours?

(A) White, Black, Blue (B) Red, Yellow, Blue

(C) Red, Orange, Blue (D) Red, Green, Blue

Question Id : 53

53. प्राथमिक वर्ण कौन से हैं?

(A) सफेद, काला, नीला (B) लाल, पीला, नीला

(C) लाल, नारंगी, नीला (D) लाल, हरा, नीला

Question Id : 53

54. Deficiency of ________ causes loss of appetite and poor growth.

(A) Zinc (B) Iodine

(C) Copper (D) Iron

Question Id : 54

54. किस तत्व की कमी से भूख नहीं लगती और शरीर का विकास कम होता है?

(A) जिंक (B) आयोडीन

(C) कॉपर (D) लोहा

Question Id : 54

55. Deficiency of Vitamin-A causes

(A) Night Blindness (B) Beri-Beri

(C) Scurvy (D) Rickets

Question Id : 55

55. विटामिन A की कमी से होता है

(A) रतौंधी (B) बेरी-बेरी

(C) स्कर्वी (D) रिकेट्स

Question Id : 55

56. The gas, commonly known as "laughing gas", is

(A) Carbon dioxide (B) Sulfur dioxide

(C) Nitrous oxide (D) Sodium oxide

Question Id : 56

56. वह गैस जिसे सामान्यतः 'हास्य गैस' के नाम से जाना जाता है

(A) कार्बन डाइऑक्साइड

(B) सल्फर डाइऑक्साइड

(C) नाइट्रस ऑक्साइड (D) सोडियम ऑक्साइड

Question Id : 56



Download from www.MsEducationTv.com

57. The energy value of food is measured in

(A) Joule
(B) Calories
(C) Tesla
(D) Proteins

Question Id : 57

58. Acid rain is mainly caused by emissions of ______ in the atmosphere.

(A) Sulfur dioxide and Potassium nitrate
(B) Sulfur and Charcoal
(C) Nitrogen oxide and Potassium nitrate
(D) Sulfur dioxide and Nitrogen oxide

Question Id : 58

59. The first chemical explosive, Gunpowder, is a mixture of

(A) Sulfur, Charcoal and Nitrogen Oxide
(B) Sulfur, Charcoal and Potassium Nitrate
(C) Sulfur and Charcoal
(D) Charcoal and Potassium Nitrate

Question Id : 59

60. Battery was invented by

(A) Volta
(B) Hero
(C) Fermi
(D) Maiman

Question Id : 60

57. भोजन के ऊर्जा मूल्य को किसमें मापा जाता है?

(A) जूल
(B) कैलोरी
(C) टेस्ला
(D) प्रोटीन

Question Id : 57

58. अम्ल वर्षा मुख्य रूप से वातावरण में ______ के उत्सर्जन के कारण होती है ।

(A) सल्फर डाइऑक्साइड और पोटैशियम नाइट्रेट
(B) सल्फर और काठकोयला
(C) नाइट्रोजन ऑक्साइड और पोटैशियम नाइट्रेट
(D) सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड

Question Id : 58

59. पहला रासायनिक विस्फोटक, बारूद, किसका मिश्रण है?

(A) सल्फर, काठकोयला और नाइट्रोजन ऑक्साइड
(B) सल्फर, काठकोयला और पोटैशियम नाइट्रेट
(C) सल्फर और काठकोयला
(D) काठकोयला और पोटैशियम नाइट्रेट

Question Id : 59

60. बैटरी की खोज किसने की?

(A) वोल्टा
(B) हीरो
(C) फर्मी
(D) मैमन

Question Id : 60



Download from www.MsEducationTv.com

## ENGLISH LANGUAGE

61. Choose one option that expresses the meaning of the sentence.
One who talks too much ?
(A) Quite (B) Garrulous
(C) Pregnable (D) Illogical

Question Id : 61

62. Choose one option that expresses the meaning of the sentence.
A hater of learning and knowledge.
(A) Samaritan (B) Misologist
(C) Mascochist (D) Misogynist

Question Id : 62

63. Choose one option that expresses the most appropriate meaning for the Idiom out of four options.
By leaps and bounds ?
(A) very fast (B) very slow
(C) in details (D) Aimlessly

Question Id : 63

64. Choose one option that expresses the most appropriate meaning for the Idiom out of four options.
In cold blood?
(A) in full operation (B) Unintentionally
(C) deliberately (D) Aimlessly

Question Id : 64

65. Choose the most appropriate preposition out of four options.
He congratulated you ______ your promotion.
(A) in (B) on
(C) of (D) for

Question Id : 65

66. For blank space, choose the proper article:
________ Sahara is the world's biggest desert.
(A) A (B) The
(C) No article (D) An

Question Id : 66

67. For blank space, choose the proper article:
I spoke with __________ Chinese film director that I told you about.
(A) a (B) the
(C) no article (D) an

Question Id : 67

68. Choose the option that expresses the meaning of the given word.
EFFICACY
(A) Effectiveness (B) Hostility
(C) Front side (D) Careless

Question Id : 68

69. Fill in the blank with suitable option.
Now-a-days __________ attacks are common in the politics, and people do not bother to tell lie.
(A) skilled (B) voracious
(C) slanderous (D) biased

Question Id : 69

70. Choose the option that is opposite in meaning to the given word.
FECKLESS
(A) Weak (B) Careful
(C) Careless (D) Unlucky

Question Id : 70



Download from www.MsEducationTv.com

## हिन्दी भाषा

71. 'शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा खेद हुआ।' में कौन सा विकल्प अशुद्ध है?
(A) शास्त्रीजी की (B) मृत्यु से
(C) हमें बड़ा (D) खेद हुआ।

Question Id : 71

72. 'धूप में चला नहीं जाता' यह वाच्य का कौन सा प्रकार है?
(A) भाव वाच्य (B) कर्म वाच्य
(C) कर्तृ वाच्य
(D) भाव वाच्य और कर्म वाच्य दोनों

Question Id : 72

73. निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द नहीं है:
(A) क्यारी (B) अंगूर
(C) घड़ी (D) नंदिनी

Question Id : 73

74. 'जो किये गए उपकारों को मानता है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(A) कृतज्ञ (B) कृतघ्न
(C) उपकारी (D) परोपकारी

Question Id : 74

75. अलि-अली का समरूपी भिन्नार्थक है
(A) सखी-बंदर (B) मधुमक्खी-सखी
(C) भंवरा-बंदर (D) भंवरा-सखी

Question Id : 75

76. बेरहम में कौन सा उपसर्ग लगा है ?
(A) बे (B) ब
(C) अ (D) बा

Question Id : 76

77. पिटाई शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?
(A) ई (B) आई
(C) इ (D) टाई

Question Id : 77

78. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है?
(A) चारदीवारी (B) चहारदीवारी
(C) चारदिवारी (D) चाहरदीवारी

Question Id : 78

79. 'कामदेव' शब्द का पर्यायवाची है
(A) गजानन, लम्बोदर, एकदंत
(B) भगवान, दीनबंधु, ईश
(C) मदन, कंदर्प, रतिपति
(D) यक्षराज, धनद, धनपति

Question Id : 79

80. 'सूर्य' का समानार्थी शब्द है
(A) तमा (B) अर्क
(C) तक्षक (D) सैकत

Question Id : 80



Download from www.MsEducationTv.com

81. How many administrative divisions are there in Haryana ?
(A) 4 (B) 5
(C) 7 (D) 6

Question Id : 81

81. हरियाणा में कुल कितने प्रशासनिक मंडल हैं ?
(A) 4 (B) 5
(C) 7 (D) 6

Question Id : 81

82. Todar mal was associated with
(A) Music (B) Literature
(C) Music & Literature both
(D) Land Revenue reforms

Question Id : 82

82. टोडर मल जुड़े हुए थे
(A) संगीत से (B) साहित्य से
(C) संगीत तथा साहित्य दोनों
(D) भूमि राजस्व सुधार

Question Id : 82

83. The Haryana Govt. decided to constitute village level committees under the chairmanship of _____ for construction and maintenance of cow homes.
(A) Collector (B) TDO
(C) Sarpanchs (D) None of these

Question Id : 83

83. हरियाणा सरकार ने _________ की अध्यक्षता में गौ शालाओं के निर्माण तथा रख-रखाव के लिए ग्राम्य स्तर पर समितियाँ बनाने का निर्णय लिया है।
(A) कलेक्टर (B) टी.डी.ओ.
(C) सरपंच (D) इनमें से कोई नहीं

Question Id : 83

84. In Haryana, King Janmejay was associated with the town
(A) Jind (B) Jhajjar
(C) Jagadhari (D) Safidon

Question Id : 84

84. हरियाणा में राजा जनमेजय का संबंध किस नगर से है ?
(A) जींद (B) झज्जर
(C) जगाधरी (D) सफीदों

Question Id : 84

85. Haryana Day is observed in which month of the calender year ?
(A) December (B) November
(C) January (D) March

Question Id : 85

85. कैलेंडर वर्ष के किस माह में 'हरियाणा दिवस' मनाया जाता है?
(A) दिसंबर (B) नवंबर
(C) जनवरी (D) मार्च

Question Id : 85

86. Which of the following is correctly matched regarding state of Haryana ?
(A) Panipat - Thermal Power station
(B) Hisar - Hydel Power Station
(C) Jind - Thermal Power Station
(D) Kaithal - Nuclear Power Plant

Question Id : 86

86. हरियाणा राज्य के संदर्भ में निम्न में से कौन सा सही सुमेलित है?
(A) पानीपत - थर्मल पावर स्टेशन
(B) हिसार - हाइडेल पावर स्टेशन
(C) जींद - थर्मल पावर स्टेशन
(D) कैथल - न्यूक्लियर पावर प्लांट

Question Id : 86

87. Haryana Vikas Party was founded by
(A) Devi Lal (B) Manohar Lal
(C) Bansi Lal (D) None of these

Question Id : 87

87. हरियाणा विकास पार्टी की स्थापना की थी
(A) देवीलाल (B) मनोहरलाल
(C) बंसीलाल (D) इनमें से कोई नहीं

Question Id : 87



Download from www.MsEducationTv.com

88. Vijender Singh : Boxing : : Geeta Jutshi :
(A) Gymnastic (B) Athletics
(C) Badminton (D) Tennis

Question Id : 88

89. Which one of the following does not belongs to Haryana ?
(A) Neki Ram Sharma (B) Kapil Sharma
(C) Kalpana Chawla
(D) Bhagwat Dayal Sharma

Question Id : 89

90. Which of following is not correctly matched ?
(A) Kurukshetra - Brahm Sarovar
(B) Kaithal - Navgraha Kunda
(C) Rohtak - Tilyar Lake
(D) Karnal - Hathni Kund

Question Id : 90

91. Pilgrimage place of Haryana, Panchvati, located in
(A) Palwal (B) Hodal
(C) Hathin (D) Kurukshetra

Question Id : 91

92. Match the following :
(Temples)
I. Birla Temple
II. Agroha Dham
III. Rudhmal Temple
(Year of Construction)
a. 1892
b. 1952
c. 1976-1984
(A) I-b, II-c, III-a (B) I-a, II-b, III-c
(C) I-c, II-a, III-b (D) I-b, II-a, III-c

Question Id : 92

93. Chisti sect was established in Haryana by Shaikh Farid. Another name of him is
(A) Baba Shah Khan (B) Sheikh Junaid
(C) Farid-ud-din-Shakarganj
(D) Hazarat Shah Kalmuddin Hamzapeer Hussain

Question Id : 93

88. विजेन्दर सिंह : बॉक्सिंग : : गीता जुत्सी : (?)
(A) जिम्नास्टिक (B) एथ्लेटिक्स
(C) बैडमिंटन (D) टेनिस

Question Id : 88

89. निम्न में से कौन एक हरियाणा से संबंधित नहीं है?
(A) नेकी राम शर्मा (B) कपिल शर्मा
(C) कल्पना चावला (D) भगवत दयाल शर्मा

Question Id : 89

90. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?
(A) कुरुक्षेत्र - ब्रह्म सरोवर
(B) कैथल - नवगृह कुण्ड
(C) रोहतक - तिलयार लेक
(D) करनाल - हथनी कुण्ड

Question Id : 90

91. हरियाणा का धार्मिक स्थल 'पंचवटी' स्थित है
(A) पलवल में (B) होडल में
(C) हाथिन में (D) कुरुक्षेत्र में

Question Id : 91

92. निम्न का मिलान कीजिए:
मंदिर
I. बिड़ला मंदिर
II. अग्रोहा धाम
III. रुड़माल मंदिर
निर्माण का वर्ष
a. 1892
b. 1952
c. 1976-1984
(A) I-b, II-c, III-a (B) I-a, II-b, III-c
(C) I-c, II-a, III-b (D) I-b, II-a, III-c

Question Id : 92

93. हरियाणा में चिश्ती पंथ की स्थापना शेख फरीद द्वारा की गई थी । वे इस नाम से भी जाने जाते हैं
(A) बाबा शाह खान (B) शेख जुनैद
(C) फरिदुद्दीन शाकारगंज
(D) हज़रत शाह कलमुद्दीन हम्ज़ापीर हुसैन

Question Id : 93



Download from www.MsEducationTv.com

94. All belongs to theatre of Haryana, except
(A) Ujjwal Singh (B) Bastiram
(C) Dhanpat Singh (D) J.S. Tohanvi

Question Id : 94

95. Which of the following is wrongly matched ?
(A) Joginder Singh-Educationist & Literator
(B) Geminy-Poet
(C) Dr. Ranjit Singh -Singer & Reader
(D) Uday Bhanu Hans-Urdu Poet

Question Id : 95

96. Official language of Haryana is
(A) English (B) Urdu
(C) Hindi (D) None of these

Question Id : 96

97. Haryana Institute of civil aviation was conceived on
(A) April 2, 1999 (B) April 1, 1999
(C) April 1, 1998 (D) April 3, 1999

Question Id : 97

98. In Haryana Government, Department of Parliamentary Affairs is allotted to
(A) Ram Bilas Sharma
(B) Captain Abhimanyu Singh
(C) Om Prakash Dhankar
(D) Manohar Lal Khattar

Question Id : 98

99. Haryana shares boundary with
(A) Madhya Pradesh (B) Himachal Pradesh
(C) Jammu & Kashmir (D) Tamil Nadu

Question Id : 99

100. Central Govt. approves how much grant for plan under Horticulture mission for the state Haryana ?
(A) ₹ 109.29 crore (B) ₹ 110.29 crore
(C) ₹ 119.39 crore (D) ₹ 99.29 crore

Question Id : 100

94. सभी हरियाणा के नाट्यमंच से संलग्नित हैं, सिवाय
(A) उज्ज्वल सिंह (B) बस्तीराम
(C) धनपत सिंह (D) जे.एस. तोहानवी

Question Id : 94

95. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?
(A) जोगीन्दर सिंह - शिक्षणविद् तथा साहित्यकार
(B) जैमिनी - कवि
(C) डॉ. रणजीत सिंह - गायक तथा पाठक
(D) उदय भानु हंस - ऊर्दू कवि

Question Id : 95

96. हरियाणा की राजकीय भाषा है
(A) अंग्रेजी (B) उर्दू
(C) हिंदी (D) इनमें से कोई नहीं

Question Id : 96

97. हरियाणा नागरिक उड्डयन संस्थान शुरू हुआ था
(A) अप्रैल 2, 1999 (B) अप्रैल 1, 1999
(C) अप्रैल 1, 1998 (D) अप्रैल 3, 1999

Question Id : 97

98. हरियाणा सरकार में संसदीय मामलों का विभाग सौंपा गया है
(A) रामबिलास शर्मा को
(B) कप्तान अभिमन्यु सिंह को
(C) ओम प्रकाश धनकड़ को
(D) मनोहर लाल खट्टर को

Question Id : 98

99. हरियाणा की सीमा किसके साथ साझा है ?
(A) मध्य प्रदेश (B) हिमाचल प्रदेश
(C) जम्मू एवं कश्मीर (D) तमिलनाडु

Question Id : 99

100. केंद्र सरकार बागवानी मिशन परियोजना के अंतर्गत हरियाणा सरकार को कितना अनुदान अनुमोदित किया है?
(A) ₹ 109.29 करोड़ (B) ₹ 110.29 करोड़
(C) ₹ 119.39 करोड़ (D) ₹ 99.29 करोड़

Question Id : 100




Download from www.MsEducationTv.com

## इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें

## अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न को हल करें और प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक समान अर्थात 2 हैं ।
2. उत्तर देने से पहले कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में कुल **(1-16)** पृष्ठ और एक OMR उत्तर पत्रक तीन कापियों वाला है । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि पहले पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए हैं और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है । किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षक से टेस्ट बुकलेट और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए । परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
3. इस पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें ।
4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न मोड़ें ।
5. अभ्यर्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है । इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए । इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है । इनके न होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
6. अभ्यर्थी OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नं. और बुकलेट नं. सही भरें । यदि बुकलेट नं. के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट नं. लिख दिए गए हैं या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए हैं तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट नं. माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा । बुकलेट नं. लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यर्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा । पुरुष-अभ्यर्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला-अभ्यर्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर पत्रक पर और बायोमैट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे ।
7. परीक्षा-हॉल में परिवीक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने हैं और अँगूठे के निशान देने हैं ।
8. **अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे OMR उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें । OMR उत्तर पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात् उसे मिटाने के लिए रबड़, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ / वाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाना सख्त निषेध है । यदि ऐसा करते हैं तो उत्तर पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा और उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।**
9. अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे रुमाल, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक या संचार संबंधी यंत्र, पेन, पेन्सिल, इरेज़र, शार्पनर और लिखा हुआ मिटाने के लिए तरल पदार्थ परीक्षा-केंद्र में न ले जाएँ और न ही अँगूठी, चैन, कान में पहनने की इयरिंग या किसी भी प्रकार का आभूषण पहनें। इन वस्तुओं के साथ किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा-हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । परीक्षा-कक्ष के अंदर किसी अभ्यर्थी के पास यदि मोबाइल फोन या ऐसी ही कोई वस्तु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, पायी जाती है तो इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और परीक्षा में उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा ।
10. लिखित परीक्षा के निरीक्षण में परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश से पहले तलाशी के अतिरिक्त, CCTV कैमरा, बायोमैट्रिक यंत्र से अँगूठे के निशान लेकर उपस्थिति भरना, फोटो खींचना, वीडियोग्राफी और जैमर का प्रयोग आदि शामिल हैं ताकि नकल को रोका जा सके और एक अभ्यर्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षा न दे सके ।
11. परीक्षा-केन्द्र में परिवर्तन या परीक्षा-हॉल में सीट के परिवर्तन के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा ।
12. परिवीक्षक द्वारा प्रवेश-पत्र या उपस्थिति पत्रक में अभ्यर्थी के स्कैन किए हुए फोटो का मिलान अभ्यर्थी से किया जाएगा । अभ्यर्थी और उसके फोटो के सत्यापन और पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह आपराधिक अभियोग का पात्र होगा।
13. इस OMR उत्तर-पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति । इन्हें कदापि अलग न करें । OMR उत्तर पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें । अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने पर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीनों प्रतियों को अलग किये बिना कक्ष परिप्रेक्षक को सौंप देंगे। अभ्यर्थी प्रति कक्ष परिप्रेक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी । अभ्यर्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।
14. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक सही है । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्रक में केवल उस एक गोले को पेन से भर देना है जिसे आप सही उत्तर समझते हैं । यह आपको आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए केवल नीले या काले बॉल-पेन से करना है । गोलों को भरने के लिए पेन्सिल का प्रयोग नहीं करना है ।
15. परीक्षा के प्रथम और अंतिम तीस मिनट के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रसाधन (टॉयलेट/वॉशरूम) में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
16. किसी भी अभ्यर्थी को OMR उत्तर पत्रक खाली छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई OMR उत्तर पत्रक खाली पाई गई तो परिवीक्षक उस पर "क्रॉस" करने के पश्चात् अपना हस्ताक्षर कर देंगे और उस पर "निरस्त" लिख देंगे ।
17. आपके उत्तर-पत्रक की जाँच इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग संसाधन से की जाएगी । अधूरा या गलत भरने पर आपका उत्तर-पत्रक अमान्य हो सकता है ।
18. समस्त आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक उत्तर-पत्रक में भरना है । उत्तर-पत्रक के बदलाव की अनुमति नहीं है ।
19. बॉक्स के सही गोला/गोलों को रंगते समय नीचे दिए रूप में सही गोला/गोलों को रंगें । यदि आप एक से अधिक गोलों को काला करते हैं तो आपके उत्तर को गलत माना जाएगा और ऐसे उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा ।




20. यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है या अनुशासन भंग करता है तो आयोग निर्देशानुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही करेगा, और इसके अतिरिक्त उसे भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है । उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही का केस भी दर्ज किया जा सकता है ।

81



Download from www.MsEducationTv.com